दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com रायपुर, रविवार 26 जनवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-342 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा गणतांत्रिक देश है। भले ही बीते सात दशकों के दौरान गण से तंत्र दूर होता जा रहा है। फिर भी हम अपने गणतंत्र पर गर्व कर सकते है कि आज तक किसी ने हम छीनकर लेंगे गणतंत्र के गगन भेदी नारे नहीं लगाए है। स्वतंत्रता मिलने के बाद से जब तब भाई लोग और ज्यादा आजादी की मांग करते रहे है। अभी भी कर रहे है। यहां तक की भारत माता से भी आजादी की मांग हो रही है। ऐसी स्थिति में भारतीय गणतंत्र पर सबका विश्वास कायम रहना और गणतंत्र का गनतंत्र में तब्दील न होना सुखद आश्चर्य ही कहा जाएगा।

बापू के मंत्र को याद रखें संघर्ष करने वाले: राष्ट्रपति

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का राष्ट्र के नाम संबोधन
- राष्ट्रपति ने देश के विकास के लिए सत्ता-विपक्ष के साथ आने की अपील की
- 'संविधान ने हमें कुछ अधिकार दिए हैं, लेकिन न्याय, समानता और भाइचारे की जिम्मेदारी भी'



नई दिल्ली (वार्ता)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि किसी भी उद्देश्य के लिए संघर्ष करने वाले लोगों को गांधी जी के अहिंसा के मंत्र को सदैव याद रखना चाहिए। राष्ट्रपति का यह सुझाव ऐसे समय में आया है जब संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध में देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिले हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, 'राष्ट्र-निर्माण के लिए, महात्मा गांधी के विचार आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। सत्य और अहिंसा का उनका संदेश हमारे आज के समय में और भी अधिक आवश्यक हो गया है। किसी भी उद्देश्य के लिए संघर्ष करने वाले लोगों, विशेष रूप से युवाओं को, गांधीजी के अहिंसा के मंत्र को सदैव याद रखना चाहिए, जो कि मानवता को उनका अमूल्य उपहार है।'

राष्ट्रपति ने देश के विकास के लिए सत्ता-विपक्ष के साथ आने की अपील करते हुए कहा, 'लोकतन्त्र में सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। राजनैतिक विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ, देश के समग्र विकास और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए दोनों को मिलजुलकर आगे बढ़ना चाहिए। विकास पथ पर आगे बढ़ते हुए, हमारा देश और हम सभी देशवासी, विश्व-समुदाय के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारा और पूरी मानवता का भविष्य सुरक्षित रहे और समृद्धिशाली बने।'

उन्होंने युवाओं के संबंध में कहा, ' इस शताब्दी में जन्मे युवा, बढ़-चढ़ कर, राष्ट्रीय विचार-प्रवाह में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। हमारी अगली पीढ़ी हमारे देश के आधारभूत मूल्यों में गरी आस्था रखती है। हमारे युवाओं के लिए राष्ट्र सदैव सर्वोपरि रहता है। मुझे, इन युवाओं में, एक उभरते हुए नए भारत की झलक दिखाई देती है।

राष्ट्रपति ने अधिकार के साथ जिम्मेदारियों की याद दिलाते हुए कहा, 'हमारे संविधान ने हम सब को एक स्वाधीन लोकतंत्र के नागरिक के रूप में कुछ अधिकार प्रदान किए हैं। लेकिन संविधान के अंतर्गत ही, हम सब ने यह ज़िम्मेदारी भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छग के मदन सिंह समेत 118 को पद्मश्री

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों का ऐलान

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली/रायपुर। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2020 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के मदन सिंह चौहान (कला) समेत 118 शख्सियतों को पद्मश्री, 16 को पद्म भूषण व 7 शख्सियतों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। प्रति वर्ष राष्ट्रपति के हाथों मार्च या अप्रैल महीने में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फर्नांडिस, स्वराज, जेटली को मरणोपरांत पद्म विभूषण

दिवंगत भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज तथा अरुण जेटली को पद्म विभूषण (सार्वजनिक जीवन) दिया गया है। दिवंगत ट्रेड यूनियन नेता व अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में रक्षा मंत्री रहे जार्ज फर्नांडिस को भी इसी श्रेणी में मरोणपरांत पद्म विभूषण दिया गया है। वहीं खेल क्षेत्र से एमसी मैरिकॉम को भी पद्म विभूषण दिया गया है। जबकि पद्‌म भूषण पाने वालों में सार्वजनिक जीवन क्षेत्र से दिवंगत भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर पर्रिकर (मरणोपरांत), खेल क्षेत्र से पीवी सिंधु व उद्योग तथा व्यापार क्षेत्र से आनंद महिंद्रा के नाम भी शामिल हैं।

पद्मश्री पाने वाली प्रमुख हस्तियां

पद्मश्री पाने वाली प्रमुख हस्तियों में भोपाल गैस पीड़ितों के लिए जीवन के अंतिम पड़ाव तक लड़ने वाले अब्दुल जब्बार भी शामिल हैं। उन्हें सामाजिक क्षेत्र में यह पुरस्कार दिया गया है। वहीं कला क्षेत्र से पद्मश्री पाने वाली प्रमुख हस्तियों में करन जोहर, कंगन रनौट, सुरेश वाडकर, एकता कपूर, अदनान सामी आदि शामिल हैं।

दिल्ली : कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग ढही 4 विद्यार्थियों सहित 5 की मौत

नई दिल्ली (वार्ता)। नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के भजनपुरा इलाके में शनिवार दोपहर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के ढह जाने की घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है जिनमें चार स्टूडेंट्स हैं। इनमें 3 लड़कियां हैं। इस बिल्डिंग के अंदर कोचिंग सेंटर चलाया जा रहा था। बिल्डिंग जिस वक्त ढही उस वक्त उसमें स्टूडेंट्स मौजूद थे और वे मलबे के नीचे दब गए। 3 स्टूडेंट्स अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। एलजी अनिल बैजल और सीएम केजरीवाल ने हादसे पर दुख जताया है। दिल्ली बीजेपी के चीफ मनोज तिवारी ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल के 7 वाहनों को मौके पर भेजा गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजस्थान विस में पास हुआ सीएए विरोधी प्रस्ताव

जयपुर ए.। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ संकल्प प्रस्ताव पास करने वाला राजस्थान तीसरा राज्य बन गया है। इससे पहले केरल और पंजाब विधानसभा में भी इस कानून के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। इस संकल्प प्रस्ताव में सीएए को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताते हुए कहा गया है कि इससे देश का पंथनिरपेक्ष ताना-बाना जोखिम में पड़ जाएगा। इसमें केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि इस कानून को निरस्त किया जाए। राज्य के संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने इससे पहले यह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

वीरता पुरस्कार : 6 सैनिकों को शौर्य चक्र

नई दिल्ली ए.। गणतंत्र दिवस के मौके पर सैन्यकर्मियों को दिए जाने वाले वीरता पुरस्कारों की घोषणा शनिवार को की गई है। वाइस आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी सहित 19 उच्च अधिकारियों को परम विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जाएगा। सैनी ने आज ही पदभार ग्रहण किया है। वहीं, इस साल छह सैनिकों को उनके अदम्य साहस के लिए शौर्य चक्र प्रदान किया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलवामा : जैश के कश्मीर चीफ समेत 3 आतंकी ढेर

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार सुबह से हो रही मुठभेड़ में अब तक 3 आतंकियों को मार गिराया गया है। पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में सेना ने 3 आतंकियों को ढेर किया है। इस ऑपरेशन में सेना, एसओजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें शामिल हुई हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों में जैश का स्वघोषित कश्मीर चीफ कारी यासिर समेत 3 दहशतगर्द शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पुलवामा के अवंतीपोरा में बीते तीन रोज से आतंकियों की घेराबंदी के लिए बड़े तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

मलेरिया उन्मूलन से मिलेगी कुपोषण एनीमिया से मुक्ति : सीएम भूपेश

दंतेवाड़ा में आयोजित 'मलेरिया मुक्त बस्तर' अभियान में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि बस्तर दुनिया के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है और उससे भी ज्यादा अच्छे यहां के लोग हैं। सब कुछ अच्छा होने के बावजूद यहां कुछ कमियां है। इनमें कुपोषण, एनीमिया और मलेरिया प्रमुख है। उन्होंने कहा कि मलेरिया से पीड़ित होने पर शरीर के पोषक तत्वों में कमी हो जाती है, जिससे एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। इसलिए यदि मलेरिया का उन्मूलन कर दिया जाए तो एनीमिया और कुपोषण से भी मुक्ति मिल सकती है। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाईन में आयोजित मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह हो सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए जून 2019 से हम मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चला रहे हैं, जिसे आप सबकी भागीदारी से अच्छी सफ्लता मिल रही है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी से पूरे बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शुरू किया गया है, जिसमें आप सभी की भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलेरिया के सर्वाधिक प्रकरण बस्तर संभाग में पाए जाते हैं इसलिए यह अभियान बस्तर से शुरू किया गया है। आजकल देखने में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने कराई मलेरिया जांच

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कारली पुलिस लाईन स्थित कार्यक्रम में मलेरिया जांच के लिए लगाए गए शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से बात की। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने अपने खून की जांच कराई, जिसमें उन्हें मलेरिया निगेटिव पाया गया। मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर सेल्फी जोन में फोटो भी खिचाई और सिग्नेचर जोन में अपने हस्ताक्षर किए।



आईपीएस ऐलेसेला को अदम्य साहस तो 8 पुलिस कर्मियों को वीरता पदक

- विशिष्ट सेवा के लिए 1 और सराहनीय सेवा के लिए 9 अवॉर्डेड

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। 26 जनवरी को दिये जाने वाले वीरता पदक का ऐलान कर दिया गया है। गृहमंत्रालय की तरफ से सूची में तीन अलग-अलग वर्गों में एक आईपीएस सहित 18 पुलिस जवानों व अफसरों को गैलेंटरी अवार्ड दिया जायेगा। वीरता के लिए राष्टपति पदक इस बार छत्तीसगढ़ के किसी भी पुलिस अफसरों को नहीं दिया जा रहा है। वहीं वीरता के लिए पुलिस पदक 1 अफसर समेत 8 पुलिसकर्मियों को दिया जायेगा। वहीं विशिष्ट सेवा के लिए राष्टपति पदक से 1 पुलिसकर्मी सम्मानित किये जायेंगे, जबकि सरहानीय सेवा के लिए पुलिस पदक 9 पुलिसकर्मियों को दिया जायेगा।

पुलिस वीरता पदक

गृहमंत्रालय की तरफ से जारी सूची में अदम्य साहस व वीरता के लिए दिया जाने वाला वीरता पुलिस पदक आईपीएस इंदिरा कल्याण ऐलेसला को दिया जायेगा। वहीं इंस्पेक्टर रामाकांत तिवारी, इंस्पेक्टर रमन उसेंडी, एएसआई संतोष बघेल, एएसआई रमेश कुमार सोरी, कांस्टेबल लुबेंद्र तिवारी, कांस्टेबल दिनेश खांडे को दिया जायेगा।

विशिष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक

वहीं विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पद सिर्फ पुलिस अफसर को दिया जायेगा। दुर्ग छावनी के सिटी एसपी रहे विश्वास चंद्राकर को इस पदक से सम्मानित किया जायेगा।

सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक जिन्हें दिया जाना है, वे हैं अशोक सिंह- कंपनी कमांडर, वीआईपी सिक्युरिटी माना बटालियन चेतन दुबे- सब इंस्पेक्टर, पीएचक्यू रायपुर बिष्ट राम, सहायक प्लाटून कमांडर- 12वीं बटालियन, रामानुजगंज जानसन लकड़ा- सहायक प्लाटून कमांडर, 2री बटालियन, बिलासपुर हीराराम मिरी, सहायक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता :- पवन तिवारी, ब्यूरो चीफ धमतरी, मो-9039312090



भारत सिंह परिवार की ओर से
प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
संबंधित फर्मः-
भारत किराया
भण्डार
डोंगरगढ़

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
मान. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. मो. अकबर जी
मंत्री, छ.ग. शासन
परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मान. डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम जी
मंत्री, छ.ग. शासन
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता विभाग
समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ प्रदेश की समस्त
वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा,
व्यवस्था, विकास हेतु सदैव तत्पर
छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड
सलाम रिज़वी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड


सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
गणतंत्र दिवस एक उत्सव है स्वतंत्रता, समानता, संप्रभुता और भाईचारे के आदर्शों को दोहराने का। यह हमारे भारतीय होने के गौरव को महसूस करने का अवसर है।
71 वां गणतंत्र दिवस
आइये, मिलकर अपने कर्त्तव्यों को निष्ठापूर्वक निभाएं तथा भ्रष्टाचार, गंदगी, गरीबी, आतंकवाद, जातिवाद व सांप्रदायिकता से मुक्त न्यू इंडिया का निर्माण करें।
हमारा संविधान, हमारे लिए सबसे बड़ा और पवित्र ग्रंथ है। एक ऐसा ग्रंथ जिसमें हमारे जीवन का, हमारे समाज का, हमारी परंपराओं और मान्यताओं का समावेश है और नई चुनौतियों का समाधान भी है। आइये, हम भारत के लोग अपने गणतंत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कदम-से-कदम मिलाकर आगे बढ़ें।
- नरेन्द्र मोदी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
davp 22202/13/0051/1920

मोहन मरकाम
अमरजीत भगत
अनिला भेड़िया
संगीता सिन्हा
विकास चोपड़ा
मान. भूपेश बघेल जी
विपिन दीवान
संजय चंद्राकर
शक्ति सिंह
प्रमोद दुबे
ओम प्रकाश गजेंद्र
धीरज उपाध्याय
प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं....
कृष्णा दुबे
जिलाध्यक्ष कांग्रेस, बालोद

मोहन मरकाम
अमरजीत भगत
अनिला भेड़िया
संगीता सिन्हा
विकास चोपड़ा
प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं....
मान. भूपेश बघेल जी
विनोद बंटी शर्मा
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी
दीप्ती विनोद शर्मा
पार्षद, वार्ड क्रं.- 16

मोहन मरकाम
अमरजीत भगत
अनिला भेड़िया
संगीता सिन्हा
विकास चोपड़ा
प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं....
मान. भूपेश बघेल जी
विनोद बंटी शर्मा
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी
आबिद मलिक
जिला महासचिव, यूथ कांग्रेस

संगीता सिन्हा
26
January
मान. भूपेश बघेल जी
जय
भारत
HAPPY REPUBLIC DAY
विकास चोपड़ा
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बालोद

चार चिन्हारी की झांकी का नजारा...

रायपुर (नवप्रदेश)। परेड मैदान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी पूरी कर ली गई है। समारोह में अलग-अलग विभागों द्वारा झांकियां तैयार की गई है जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा।

न्यूज गैलरी

सीएम ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देश के 71वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महापर्व है। आज ही के दिन देश का संविधान लागू हुआ। हमारे महान नेताओं के त्याग और बलिदान से देश को जो आजादी मिली, हमें जो संविधान मिला और जो लोकतंत्र का वरदान मिला है, वह लगातार मजबूत हो। उन्होंने कहा है कि हमारे संविधान की प्रस्तावना के पहले वाक्य 'हम भारत के लोग' ने 26 जनवरी 1950 से लेकर आज तक भारत के जनमन में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भरोसे को बनाए रखा है। विविध रंगों से सजे भारत के लिए हमारे पुरखों ने एक ऐसी बुनियाद रखी, जिसमें देश की एकता और अखण्डता, हर एक व्यक्ति की स्वतंत्रता, भाईचारा, समानता और न्याय समाहित है। संविधान की यही मूल भावना है। चुनौतियों से भरे इस समय में संविधान की भावना को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ हमेशा प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री बघेल गणतंत्र दिवस पर जगदलपुर में करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 26 जनवरी को जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सबेरे 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। श्री बघेल दोपहर 12.15 बजे जगदलपुर में शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे सेंट जेवियर स्कूल का उद्घाटन करने के बाद 2.20 बजे रायपुर लौटेंगे।

आज विधानसभा भवन नागरिकों के लिए खुला रहेगा

रायपुर। विधान सभा सचिवालय में 26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। विधान सभा परिसर में प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन नागरिकों के लिए प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुला रखा गया है।

राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय की कार को ट्रक ने मारी ठोकर

रायपुर। राजधानी से सटे सिलतरा इलाके में राजनांदगांव से लोकसभा सांसद संतोष पांडेय की कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हादसे में सांसद संतोष पांडेय बाल-बाल बच गए हैं। बताया जाता है कि सांसद श्री पांडेय कवर्धा से रायपुर जाने निकले थे कि इसी दौरान सिलतरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सांसद पूरी तरह सुरक्षित हैं।

देशी-अंग्रेजी शराब की तस्करी कर ले जाते दो गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर जिले के नेवरा थाना क्षेत्र पुलिस ने देशी और अंग्रेजी शराब की तस्करी कर ले जाते दो युवको को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शिवलाल कहर पिता विसालिया 28 वर्ष एवं उतन बर्मन पिता मन्नु 27 वर्ष 24 जनवरी को दोपहर करीब 02 बजे ग्राम बहेसर सासाहोली के पास पिकअप वाहन क्र.एमपी65जीए1114 में शराब तस्करी कर ले जाते हुए पकड़ा। आरोपियों के पास से 900 पाव अंग्रेजी एवं 3600 पाव देशी शराब जब्त की है।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर। शहर के पुलिस लाईन गेट के पास स्थित शराब दुकान के पास शुक्रवार को शाम 6 बजे अवैध रूप से चाकू लेकर घूमकर आम लोगों को आतंकित करते पाये जाने पर बालमुकुंद तिवारी 28 वर्ष को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स 25, 27 के तहत कार्रवाई की गई।

ग्राम जरवाय से किशोर लापता

रायपुर। राजधानी रायपुर के कबीरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जरवाय से 23 जनवरी से एक किशोर लापता है। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में उसके गुम होने की सूचना दी है।

राजधानी में 71वें गणतंत्र दिवस में यहां होगा आयोजन

रेल मंडल, कांग्रेस भवन से लेकर सभी विभागों में लहराएगा तिरंगा

■ पॉवर कंपनी में भी कई कार्यक्रम

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कल रविवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारी है। भारत के 71वें गणतंत्र दिवस समारोह में रेल मंडल रायपुर, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के निवास, समेत पॉवर कंपनी सीएसपीडीसीएल मुख्यालय में भी ध्वजारोहण के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम और परेड की सलामी आयोजित की गई है। राजधानी का मुख्य कार्यक्रम कल पुलिस मैदान में होगा जहां राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके सलामी लेंगीं। कहां कब राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा उसका समय भी निर्धारित है।

डंगनिया पॉवर कंपनी पसिर में सुबह 7.40 बजे होगा ध्वजारोहण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर के खेल मैदान में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि- पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रातः 7.40 बजे ध्वजा रोहण कर मार्चपास्ट परेड की सलामी ली जायेगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों तथा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

कांग्रेस भवन और गांधी मैदान में इस वक्त लहराएगा तिरंगा

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 71वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम सुबह 7.30 बजे मोहन मरकाम जी के निवास कबीर चौक बस्तर बाड़ा सुबह 8.30 बजे प्रदेश कांग्रेश मुख्यालय राजीव भवन शंकर नगर में तत्पश्चात सुबह 9 बजे कांग्रेस भवन गांधी मैदान मे रखा गया है। सभी कांग्रेसजन की उपस्थिति यहां अनिवार्य रहे इसकी अपील की गई है।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सुबह 9 तो एकात्म में 9.45 को ध्वजारोहण

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल 26 जनवरी की प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में 09:45 को ध्वजारोहण किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

रेल मंडल के सेक्रेसा मैदान में सुबह 9.20 फहराएंगे ध्वज

71वाँ गणतंत्र दिवस दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल मे डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी के सेक्रेसा मैदान में 26 जनवरी 2020 को प्रातः 8.30 बजे से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज 9.20 बजे फहराया जायेगा। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाऐगें।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत को लेकर हुई बैठक

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले का एक आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के आगामी 28 जनवरी को छत्तीसगढ़ दौरे पर पार्टी द्वारा संगठन स्तर पर कार्यक्रम तय किया गया।

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी 28 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों एवं समाज के बुध्दजीवियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री बनने के बाद श्री अमित शाह जी ने जम्मू-कश्मीर की धारा 370 को समाप्त करने वाला बिल लाकर कश्मीर से धारा 370 और 35-ए को समाप्त किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह जी गृह मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के विशेष आग्रह पर ही उनका भाजपा कार्यालय में आने का कार्यक्रम बना। बैठक को पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत सहित प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संबोधित किया। बैठक में रायपुर जिला के अध्यक्ष राजीव कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में प्रदेश राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, मोतीलाल साहू, नंद कुमार साहू, संजय श्रीवास्तव, केदारनाथ गुप्ता, डॉ. सलीम राज, अंजय शुक्ला, अशोक पाण्डेय, चन्नी वर्मा, जे.पी. चंद्रवंशी, रमेश ठाकुर, सूर्यकांत राठौर, राजेश पाण्डेय, रघु चन्द्राकर, शैलेन्द्री परगनिहा, सीमा साहू, जयंती पटेल, श्यामसुन्दर अग्रवाल, योगी अग्रवाल, अकबर अली, ज्ञानचंद चौधरी, मोहन मेघानी, गोपी साहू, मुकेश शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

रायपुर नवप्रदेश। महामाया मंदिर में चंडी महायज्ञ का आयोजन, निकली कलश यात्रा।

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिव डॉ.यादव का तीन दिवसीय दौरा

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव दिनांक 25 जनवरी 2020 शनिवार को एयर विस्तारा के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 07.45 बजे माना विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। दिनांक 26 जनवरी 2020 रविवार को सुबह 8 बजे गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे रायपुर से राजनांदगांव के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2 बजे राजनांदगांव में कांग्रेसजनों से भेट एवं चर्चा तथा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लेंगे। दिनांक 27 जनवरी 2020 सोमवार को सुबह 8 बजे रायपुर से जांजगीर के लिये रवाना होंगे। सुबह 11 बजे जांजगीर में कांग्रेसजनों से भेट एवं चर्चा तथा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रचार प्रसार में भाग लेंगे। दिनांक 28 जनवरी 2020 मंगलवार को सुबह 9 रायपुर से बिलासपुर के लिये रवाना होंगे।

डीआई वाहन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर के धरसींवा इलाके में डीआई वाहन ने एक बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

धरसींवा थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल शाम ग्राम पवनी में राम सीता मंदिर के पास ढाई वर्ष का मृतक देवास साहू अपनी बड़ी बहन के साथ जा रहा था। इसी दौरान डीआई वाहन सीजी13एल0711 का चालक टिकेश्वर निषाद ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए देवास को अपनी चपेट में ले लिया।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया बलौदाबाजार में ध्वजारोहण करेंगे

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार डॉ. डहरिया सवेरे 8.55 बजे विश्राम भवन बलौदाबाजार से स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलौदाबाजार के लिए प्रस्थान करेंगे। वे सवेरे नौ बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचेंगे और गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ध्वाजारोहण करेंगे। डॉ. डहरिया मुख्य समारोह में जनता के नाम मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करेंगे। वे कार्यक्रम के बाद बलौदाबाजार से पलारी के लिए रवाना होंगे। डॉ. दोपहर 12.20 बजे पलारी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे

बिना अनुमति के केबल बिछा रही आईडिया कंपनी पर निगम की कार्रवाई

■ केबल बिछाने में लगी मशीन एवं सामान किए जब्त

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। नगर निगम के निवेश विभाग द्वारा आज बिना अनुमति के केबल बिछा रहे आईडिया कंपनी पर कार्रवाई करते हुए उनके सामान व मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम रायपुर के जोन 5 नगर निवेश विभाग को शिकायत मिली कि माधव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा इलाके में सत्यम विहार रोड मिनी टाकीज व महाकाल कंस्ट्रक्शन दुकान के पास बिना अनुमति लिए आईडिया कंपनी प्रबंधन द्वारा केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा था। जोन कमिश्नर अरूण कुमार ध्रुव के नेतृत्व व जोन नगर निवेष उपअभियंता सैय्यद जोहेब की उपस्थिति आज जब मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो शिकायत सही पायी गई, जिसके बाद तत्काल कार्य को रूकवाया गया और बिछाने में लगे आईडिया कंपनी की बड़ी मशीन, स्टापर, लगभग 70 फीट डक्ट केबल का बंडल, घन, रापा, कुदाली, सब्बल को जब्त करने की कार्रवाई की गई। साथ ही कंपनी को नोटिस जारी कर इस मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

रायपुर नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस में हर हाथ में होगा तिरंगा।

मतदाता दिवस मतदाता दिवस पर लोकसभा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अफसर पुरस्कृत

जहां मतदान शतप्रतिशत और स्वीप में अच्छे काम हुए उन्हें सम्मान

■ राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त ने किया सम्मानित

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर आज यहां पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2019 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यों के संपादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीजापुर और 'स्वीप' गतिविधियों के बेहतरीन संचालन के लिए धमतरी जिले को पुरस्कार दिया गया। धमतरी के कलेक्टर रजत बंसल और बीजापुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने अपने-अपने जिले की तरफ से ये पुरस्कार ग्रहण किए।

मुख्य सूचना आयुक्त एम.के. राऊत के मुख्य आतिथ्य, राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.एल. वर्मा की अध्यक्षता तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। समारोह में लोकसभा निर्वाचन-2019 में विषम परिस्थितियों में मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के तत्कालीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा को विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया। लोकसभा आम निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत 81.96 दर्ज करने वाले विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ के तत्कालीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राम अधारी कुरूवंशी तथा लोकसभा निर्वाचन-2014 की तुलना में 2019 में मतदान में सर्वाधिक 16.08 प्रतिशत वृद्धि के लिए कोंटा विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू को पुरस्कृत किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य के लिए बस्तर जिले के तोकापाल की मतदाता पंजीयन अधिकारी, एवं अनुविभागीय अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, दुर्ग जिले के पाटन के मतदाता पंजीयन अधिकारी, एवं अनुविभागीय अधिकारी विनय पोयाम, बिलासपुर जिले के पेंड्रा व पेंड्रा रोड के सहायक मतदाता पंजीयन अधिकारी, एवं तहसीलदार घनश्याम सिंह तंवर, जशपुर के सहायक मतदाता पंजीयन अधिकारी, एवं तहसीलदार कमलेश कुमार मिरी तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल के सहायक मतदाता पंजीयन अधिकारी एवं तहसीलदार शंकर लाल सिन्हा को सम्मानित किया गया।

लोकसभा आम निर्वाचन-2019 में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज करने वाले मतदान केन्द्र गिरजापुर की बी.एल.ओ. और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गौरी सारथी को भी पुरस्कृत किया गया। कोरिया जिले के कोरिया विधानसभा क्षेत्र के 1,162 मतदाता वाले मतदान केन्द्र क्रमांक-74, गिरजापुर में शत-प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

नवप्रदेश | रविवारीय | रायपुर, रविवार, 26 जनवरी 2020

1949
संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत का संविधान सुपुर्द किया. इस दिन भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था।

गणतंत्र का आधार हो गुणतंत्र

1950
भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ और भारत देश का संविधान इस वर्ष लागू किया गया।

कांटों में भी फूल खिलाएं इस धरती को स्वर्ग बनाएं, आओं सब को गले लगाएं हम गणतंत्र का पर्व मनाएं

राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत गणतंत्र की भावना

15 अगस्त को हम स्वतंत्रता दिवस के रुप में मनाते हैं। आजादी के बाद हमारे पास अपना संविधान नहीं था। उस वक्त तक देश में राजतंत्र ही कायम था। उस वक्त तक हमारे पास यह अधिकार नहीं था कि देश चलाने के लिए हम अपने नेता को चुन सकें।

26 जनवरी सन 1950 को हमारे देश को पूर्ण स्वायत्त गणराज्य घोषित किया गया था और इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को भारत का गणतंत्र दिवस मनाया जाता है और चूंकि यह दिन किसी विशेष धर्म, जाति या संप्रदाय से न जुड़कर राष्ट्रीयता से जुड़ा है, इसलिए देश का हर बाशिंदा इसे राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाता है। खास तौर से सरकारी संस्थानों एवं शिक्षण संस्थानों में इस दिन ध्वजारोहण, झंडा वंदन करने के पश्चात राष्ट्रगान जन-गन-मन का गायन होता है और देशभक्ति से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। देशाक्ति गीत, भाषण, चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं के साथ ही देश के वीर सपूतों को याद भी किया

गणतंत्र दिवस का इतिहास

भारत की राजधानी दिल्ली में गणंतंत्र दिवस पर विशेष आयोजन होते हैं। देश के प्रधानमंत्री द्वारा इंडिया गेट पर शहीद ज्योति का अभिनंदन करने के साथ ही उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाते हैं।

26 जनवरी को मनाया जाने वाला भारतीय गणतंत्र दिवस वह दिन है, जब इसी दिन सन् 1950 में हमारे देश का संविधान प्रभाव में आया।

भारतीय गणतंत्र दिवस का इतिहास काफी रोचक है, इसकी शुरुआत 26 जनवरी 1950 को हुई थी। जब हमारे देश में 'भारत सरकार अधिनियम' को हटाकर भारत के संविधान को लागू किया, तब से इसी के उपलक्ष्य में हमारे देश के संविधान और गणतंत्र को सम्मान प्रदान करने के लिए हर वर्ष 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया जाता है। हालांकि इस दिन से जुड़ा एक और भी इतिहास है और इसकी शुरुआत 26 जनवरी 1930 को हुई थी क्योंकि यह वह ऐतहासिक दिन था, जब कांग्रेस ने पहली बार पूर्ण स्वराज की मांग रखी थी।

इसकी शुरुआत तब हुई, जब सन् 1929 में लाहौर में पंडित जवाहर लाल नेहरु के अध्यक्षता में हुए काग्रेंस अधिवेशन के दौरान यह प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि 26 जनवरी 1930 तक अंग्रेजी सरकार भारत को 'डोमीनियन स्टेटस' नही प्रदान करती तो भारत अपने आप को पूर्णतः स्वतंत्र घोषित कर देगा। इसके बाद जब 26 जनवरी 1930 तक अंग्रेजी हुकूमत ने कांग्रेस के इस मांग का कोई जवाब नही दिया। तो उस दिन से कांग्रेस ने पूर्ण स्वतंत्रता के निश्चय के लिए अपना संक्रिय आंदोलन आरंभ कर दिया और जब 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ, तो भारत सरकार ने 26 जनवरी के ऐतहासिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए। इस दिन को गणतंत्र स्थापना के लिए चुना।

इंसान हो या परिन्दा सब को चाहिए आजादी

जकड़न/बंधन एक ऐसी कड़ी है जिससे, हर कोई मुक्त होना चाहता है. जब एक परिन्दे को भी, पंख फैला कर उड़ने की चाह होती है तो, इंसान की आजादी तो, आम बात है. आजादी को संजोये रखना, इतना भी आसान नही है. उसके लिये, अगली योजनायें बनाना और उनको क्रियान्वित करना बहुत ही जरुरी था. जिसके लिये, भारत के संविधान की रचना करना और उस संविधान मे, नियम कानून और शर्तो को लागू करना बहुत आवश्यक था. जिसके लिये एक समिति बनाई गई और उस समिति के द्वारा संविधान का निर्माण किया गया. और 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया. इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप मे मनाया जाता है . गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया. गणतंत्र दिवस भारत वासियों के लिये किसी पर्व से कम नही है. यह बहुत ही शुभ और ऐतिहासिक दिन है ये, प्रत्येक भारतवासी के लिये. इस ऐतिहासिक दिन को, हर छोटे से छोटा व ,बड़े से बड़ा व्यक्ति, तथा सरकारी व अर्द्ध सरकारी,प्राइवेट व निजी संस्थान, ऑफिस, स्कूलों मे हर्ष उल्लास के साथ बनाया जाता है।

बच्चो पर बेवजह उम्मीदों का बोझ न डाले

कुछ बच्चे अत्यधिक संवेदनशील होते हैं, ऐसे में उनके अभिभावकों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि आप अपने बच्चों पर अनुचित दवाब न बनायें बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें। यदि संभव हो तो पेरेंट्स और बच्चे अपनी कॉउंसलिंग परीक्षा से पहले करा लें ताकि उम्मीदों का बेवजह बोझ बच्चों के सिर पर न हों। एक करियर के लिहाज़ से देखा जाये तो दसवीं कक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसी रिजल्ट के आधार पर बच्चे अपनी पसंद की विषय चुनते हैं और यही विषय उनके करियर का आधार होता है। यहाँ मैं अभिभावकों को भी कुछ सुझाव देना चाहूँगी कि बच्चों के परीक्षाफल को अपनी प्रतिष्ठा और स्टेटस सिंबल से न जोडें। अपने बढ़ते बच्चों को डाँटते रहने या उनकी तुलना किसी और से करने पर यही बच्चे आपसे झूठ बोलने लगेंगे, गलत संगति के शिकार बनेंगे, और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। परीक्षा के दौरान यदि आपके बच्चे को चक्कर आना, बार बार वॉश रूम जाना, मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन, भ्रम, चिड़चिड़ापन, छोटी छोटी बातों पर गुस्सा,सिरदर्द, ब्लड प्रेशर का कम या ज्यादा होना,शरीर में कंपन, अकेले रहने की इच्छा,नकारात्मक सोच आदि हो तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें। एक स्वस्थ युवा का मन मष्तिष्क तभी स्वस्थ रह सकता है जब उनपर परिवार के सदस्यों व शिक्षकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये अत्यधिक दवाब न हो। मुझे ऐसा कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि भारत मे शिक्षा प्रणाली और माता पिता दोनों ही अपने बच्चों की सीखने की अक्षमता का पहचान करने में असमर्थ हैं। हर बच्चा ,हर युवा यही चाहता है कि उसके अभिभावक, डिस्ट, शिक्षक आदि न केवल उस पर भरोसा रखें बल्कि सराहें और प्यार से उनका मार्गदर्शन करें।

- रश्मि सुमन

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नफ़रत को वर्गीकृत

नफ़रत को वर्गीकृत करना और परिभाषित करना शायद हमारे समय के सबसे खराब सवालों में से एक है, खासकर इसकी परिभाषा को समझाने के लिए हमें इसके प्रभावों को अपने दिमाग़ में रखना होगा।

- शालीनी मोहन

हाँ लिखना चाहता हूँ मैं जो लिक्खा तो फ़जीहत

हाँ लिखना चाहता हूँ मैं जो लिक्खा तो फ़जीहत है । बहुत है आग सीने में मगर चुप हूँ ग़नीमत है ।। कलम को रोक दूँ या तोड़ दूँ हर इक दिन झगड़ता हूँ । अब इस हालात में ऐसे भी जी पाना मुसीबत है ।।

- मनोज कुमार मून

खास पाती | देश बिना हम कुछ नही

देश बिना हम कुछ नही,ये अपनी पहचान देश भजन,पूजा सभी,देश है स्वाभिमान तीन रंग से ध्वज सजा,बीच चक्र है एक केसरिया बलिदान के,दे संदेश अनेक श्वेत रंग से मिल रही,सीख रहें सब शान्त रहे साथ मिलकर सदा,भारत के सब प्रान्त हरी हरी फसले उगे,भारत हो खुशहाल कोई ना निर्धन दिखे,हो सब मालामाल समय चक्र जो घूमता,चले सदा दिन रात चौबिस घन्टे हर समय,करे काम की बात।

- शालिनी शर्मा

होंसलों से उड़ने का जज्बात दे

होंसलों से उड़ने का जज्बात दे। तू जरा जमाने को नया पैगाम दे।। मोहब्बत से रहे चमन में दोस्तो। गुलों को खिलने का आयाम दें।। सर्द रातों में दर्द से जो सिमटे हैं। उन यतीमों को कुछ आराम दें।। जो ईमान से जी रहे हैं जिन्दगी। उन लोगों को कभी तो इनाम दें।। वतन की आबरू जो बचाते हैं उन शूरवीरों को रोज सलाम दें।। इल्म इतना दे दो नोजवानों को। बेरोजगारों को ÷पुरोहित ÷काम दें।।

- डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित

जो गुजर गया दिन मेरा, मेरी ही गुरबत में

जो गुजर गया दिन मेरा, मेरी ही गुरबत में , वो ही दिन मेरा अपना था ....!! यूं तो आंखों ने पाले थे सपने हजार जो सुबह तक था पलकों से लगा वो ही सपना मेरा अपना था...!! खूब सजाया जिंदगी को हमने टुकड़ों में, जो सज गया उम्र भर के लिए मौत ही मेरा गहना था...!!

- किरन भण्डारी

हर मजहब से ऊंचा है ये वंदेमातरम

हर मजहब से ऊंचा है ये वंदेमातरम भूखों का भगवान सरीखा वंदेमातरम चलो बढ़ाएं कदम मिलाकर फिर से आगे आज प्रश्न फिर उठ जागा है देश के आगे कोई कहीं ललकार रहा है वंदेमातरम्..... आजादी दिलवाई जिसने जोश जगाकर हर सूबे को गले लगाया आगे बढ़कर फिर कोई क्यों नकार रहा है वंदेमातरम्..... नवभारत में स्वर्णिम सवेरा आया जिससे बच्चा-बच्चा जन-मन-गण को गाया जिससे आज हिसाब सब मांग रहा है वंदेमातरम्....

- कवि सुशील भोले

तुम छपाक से फेंक आये तेजाब ... एक जिन्दगी पर .... एक उम्मीद पर .. एक मुस्कान पर .... कुछ अधूरी सी ख्वाईशों पर कुछ चुलबुली सी फरमाईशों पर बाबुल के आँगन की सोनचिरैया पर माँ के आँचल की प्यारी सी गौरया पर... कसूर क्या था उसका ?????... लड़की होना ...??? खूबसूरत होना ...??? या तुम्हारा और सिर्फ तुम्हारा ... जाहिल और कमीना होना ....

- नेहा अग्रवाल नेह

तो रोक लो सूरज को

या तो रोक लो सूरज को अस्त होने से या थामे रहो आस का दामन तुम.. जब देखती हूं किसी को घोर निराशा में आस का दीप जलाए तो नतमस्तक हो जाती हूं।

- शिवानी जयपुर

संजो के सपने गुजर गई जिंदगी

संजोके सपने गुजर गई जिंदगी। राहे मंजिल पे ठहर गई जिंदगी, वक्त का गुबार कुछ यूँ उठा कि, तिनके जैसी बिखर गई जिंदगी।

- राठौड़ मुकेश

लघु कथा- पेड़ को न काटो

एक छोटा सा गाँव की कहानी है।जहाँ लगभग500 लोग निवास करते थे।चारो तरफ हरियाली ही हरियाली था।चिड़िया की चहकना,पशु पक्षियों का आवाज सबके मन आकर्षण करती लोगो का दिल जीत लेती।वहाँ के लोग प्रातःकाल के समय सूर्य का दर्शन करते तथा नियमित योग व्यायाम करते थे।गांव की नजारा देखने के लिए दूर दूर से आते थे।वहां का तालाब कोई स्विमिंग पूल से कम नहीं था।चारो तरफसफाई का विशेष ध्यान दिया जाता था।फूलों की बागवानी जो अपने ओर आकर्षित करती मनमोहक दृश्य का नजारा शाम शाम टहलने रोज जाया करते थे।उस गांव में वर्षा भी खूब होता।पानी की कोई कमी नही थी।हवा शुद्ध होने के कारण लोग बीमार नही पड़ते।लेकिन एक बार उस गांव में ऐसी स्थिति पड़ी की त्राहिमाम त्राहिमाम मचने लगा।उस गांव में एक बढ़ाई रहता था। रोज दिन पेड़ काटता और फर्नीचर आर्ट में विभिन्न कलाकृतियों से लकड़ियों की सामग्री बनाकर शहर भेजता। जिसमे टेबल,कुर्सी, बक्सा,चौखट,दिवान,डायनिंग टेबल ,अलमारी ,मेज,दरवाजा,पलँग,आदि कई तरह के समान बनाता तथा खूब बेचता दिनोदिन उसका तरक्की होते गया।परंतु पर्यावरण संतुलन धीरे धीरे बिगड़ते गया।हरियाली धीरे धीरे वीरान हो गया।वर्षा में कमी हो गयी। तालाब सूखने लगा। पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया।फूल की बागान मुरझाने लगे।पर्यटन का केंद्र था। लोग धीरे धीरे आना छोड़ दिये।गांव की स्थिति बहुत खराब हो गई।लोग बीमार भी पड़ने लगे। इस कहानी से हमे सिख लेनी चाहिए कि पेड़ को न काटे। हरियाली लाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें।और धरा को सुंदर हरियाली बनायें।ताकि हमारा जीवन सुखमय बना रहे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1556- मुगल सम्राट हुमायूं की मृत्यु। 1666- फ्रांस ने इंग्लैड के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1841- ब्रीटेन ने हांगकांग पर कब्जा किया। 1845- ब्रिटिश जनरल चार्ल्स गार्डन सूडान में मारे गये। 1930- ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया। 1931- 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी रिहा किये गए। 1931- हंगरी और ऑस्ट्रिया ने 'शांति संधि' पर हस्ताक्षर किये। 1934- जर्मनी और पौलैंड के बीच दस वर्षीय अनाक्रमण संधि हुई। 1950- स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने अपने पद से त्यागपत्र दिया और डा. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने।

न्यूज गैलरी

किसान पिता के संघर्ष को बेटे ने किया साकार

साजा। ब्लाक के छोटे से गांव सिंघनपुरी (ठेलका) के किसान कोमल सिंह पटेल के बेटे हुलेश्वर कुमार पटेल ने सीजीपीएससी में 57 वीं रैंक लाकर साबित कर दिया कि सफलता के लिए सुविधाओं के आवश्यकता नहीं होती। हुलेश्वर ने 12वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल से ही की है। उल्लेखनीय है आज तक हुलेश्वर के गांव में आज तक पक्की सड़क भी नहीं है। गाँव का पहुंच मार्ग कच्चा ही है। हुलेश्वर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और अपने बड़े भाई लक्ष्मीकांत को दिया है। हुलेश्वर को उसके परिवार, समाज, ग्रामवासी, यार दोस्तों ने बधाई दी, साथ ही कहा कि उसने अपने गांव व क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया।

स्वीप कार्य के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने पर धमतरी जिला चयनित

धमतरी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में वर्ष 2019 में स्वीप कार्य के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने पर धमतरी जिले का चयन किया गया है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2020 के राज्य स्तरीय समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रजत बंसल द्वारा जिले की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता : सिंचाई विभाग ने की जीत हासिल

धमतरी। क्रिकेट मैच के तहत आज सुबह 7-30 बजे से सिंचाई विभाग और नगर निगम के बीच आयोजित सेमीफाइनल में सिंचाई विभाग ने 55 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की। अब कल आयोजित फाइनल में खेलने के लिए सिंचाई विभाग चयनित।

कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई उल्लंघन करने वालों के कटे चालान

धमतरी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले में स्थित स्कूल परिसर से 100 गज के दायरे में आने वाले तम्बाकू पान मसाला के थोक चिल्हर विक्रेताओं एवं सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके तहत जिले के कुल 285 शासकीय एवं निजी स्कूल के 100 गज की दायरे में आने वाले लगभग 174 प्रतिष्ठान दुकानए होटल के विरूद्ध कोटपा एक्ट 2003 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर 24-840 रूपए की चालानी कार्रवाई कर अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही उन्हें तम्बाकू के सेवन से होने वाले रोग जैसे तंबाकू से कैंस होना तम्बाकू से मौत के बारे में विस्तृत रूप से समझाईश दी गई और धान 6 के तहत तंबाकू उत्पाद बेचने वालों को भी चेतावनी बोर्ड लगाकर सूचना दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू की बिक्री नहीं करनी है।

अस्पताल क्लर्क की पिटाई

महासमुंद। बच्चे के इलाज के लिए नयापारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे युवक ने क्लर्क की पिटाई कर दी। क्लर्क सोमेंद्र ठाकुर गुरूवार अपरान्ह साढ़े तीन बजे अस्पताल में था, तभी सन्नी दास मानिकपुरी अपने बच्चे के उपचार के लिए पहुंचा। जिस पर क्लर्क ने चिकित्सक न होने की जानकारी उन्हे दी और जिला अस्पताल ले जाने के लिए कहा। इस बात से नाराज सन्नी ने गाली-गलौज करते हुए सोमेंद्र के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

बोलेरो से पौने पांच लीटर शराब बरामद

महासमुंद। पिरदा बाजार में मुर्गी दुकान के पास बोलेरो से पुलिस ने 1560 रुपए की शराब बरामद की। पुलिस ने गुरूवार रात पौने 11 बजे शराब परिवहन करने की सूचना पर पिरदा बाजार के पास बोलेरो क्रमांक सीजी 06 जी 7319 को रोककर तलाशी ली जिस पर पौने 5 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की। वाहन चालक किशन साहू के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हेमंत सराफा संघ के अध्यक्ष

महासमुंद। शुक्रवार को रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में सराफा व्यवसायियों की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें महासमुंद सराफा संघ का चुनाव हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष हेमंत जैन(मालू) सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये।

जिले में बढ़ता ही जा रहा है अपराध का ग्राफ

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद । जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को कम करने में पुलिस सफल नही हो पा रही है। अपराध कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है, जिले के कोतवाली थाना से लेकर सभी 12 थानों में बीते साल 2019 में सबसे ज्यादा अपराध दर्ज हुए है।

जिले के 12 थानों में कुल 1715 अपराध दर्ज हुए हैं

जिसमें से सबसे ज्यादा कोतवाली थाना बालोद है। यहां पर सालभर के भीतर 352 अपराध दर्ज हुए वहीं सबसे कम अपराध महामाया थाने में मात्र 4 मामले दर्ज हुए थे। इन थानों में छेडखानी, हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार, लूट व धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराध भी दर्ज किए गए है। पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं लेकिन सफलता नही मिल पा रही हैं।

सबसे ज्यादा चोरी, हत्या, बलात्कार व अपहरण की घटना: सालभर के भीतर एक जनवरी से 31 दिसंबर 2019 तक सबसे ज्यादा अपराधा चोरी के 150, बलात्कार के 77, अपहरण के 55 व हत्या के 20 प्रकरण दर्ज हैं। जिले के सभी थानों में हुए अपराध में लगभग सभी थानों में 8 0 फीसदी मामलों पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बढ़ते अपराध का कारण नशा और असहनशीलता

लगातार बढ़ रहे अपराध और अपराध होने का एक बड़ा कारण नशा को माना जा रहा है। अधिकतर अपराध नशे की हालत, शक की बीमारी और असहनशीलता के कारण हुए हैं।

साल 2019 में घटे अपराध

थाना	अपराध	हत्या	चोरी	बलात्कर
बालोद	352	5	39	15
गुरुर	289	3	28	12
डौंडीलोहारा	184	3	8	7
देवरी	76	1	6	2
राजहरा	179	0	15	6
डौंडी	101	1	5	5
महामाया	4	1	0	1
रनचिरई	75	1	1	11
गुंडरदेही	283	1	31	10
अर्जुन्दा	110	0	4	3
सुरेगांव	43	2	2	3
मंगचुवा	19	2	2	2

स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक: डी जे. सुधीर

धमतरी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज सुबह स्थानीय गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों एवं विद्यार्थियों को मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पिछले निर्वाचन में मतदाता जागरूकता पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों युवक.युवतियों व नए मतदाताओं को प्रशस्ति.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आंसदी से जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश श्री सुधीर कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण एवं उसकी मजबूती व विश्वसनीयता के लिए मतदाताओं को जागरूक होना बहुत ही आवश्यक है। प्रजातंत्र की सबसे बड़ी शक्ति आमजनता में निहित है और इसके जरिए ही श्रेष्ठ व्यक्ति का चयन संभव है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय गांधी चौक पर आज सुबह 10 बजे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासियों तथा विद्यालयीन व महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आगे कहा कि भारतीय संविधान में मतदाताओं को व्यापक अधिकार मिले हैं और ऐसे में उनकी सुनिश्चित सहभागिता काफी महत्वपूर्ण साबित होती है। निष्पक्ष और विवेकपूर्ण मताधिकार के प्रयोग से ही लोकतंत्र के उद्देश्य की पूर्ति संभव है।

मड़ई मेला में हुई जमकर अवैध वसूली

गुन्डरदेही। गुंडरदेही नगर पंचायत मे बुधवार को मंडई मेला में अवैध वसूली का मामला गरमाते जा रहा है गुंडरदेही के चार युवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व मंडई मेला के आयोजन के एवज में दुकानदारों से अवैध वसूली की गई है जबकि राज्य शासन द्वारा निकाय क्षेत्रो मे हटरी, पसरा, स्टैंड एवं राजस्व वसूली पूरी तरह बंद कर दी गई है जबकि सप्ताहिक बाजार के दिन या मंडई मेला का आयोजन में ग्राम पैरी के ठेकेदार संतोष गुप्ता के द्वारा यह वसूली किया गया है जब इस मामले में हम संतोष गुप्ता से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि गुंडरदेही के ठेकेदार है जो नगर पंचायत से 46 हजार रु में लिया था उसके एवज में नगर पंचायत के द्वारा रसीद दिया गया है नगर पंचायत पर इसकी टेंडर नहीं हुआ है ऐसा कौन से अधिकारी व जनप्रतिनिधि है जिसके कहने पर नगर पंचायत के रसीद देकर दुकानदारों को डरा धमकाकर राशि वसूल किया गया है वहीं संतोष गुप्ता ने बताया कि एक नगर पंचायत का व्यक्ति है जिन्होंने ठेका में लेकर दुकानदारों को होटल वालों से 700 से 800 रु एवं ठेला पेठा मिठाई मिक्कर खजूर बेचने वालों से 230 रु आइसक्रीम वाले से 300 रु चाट गुपचुप वाले से 200रु इस तरह के लाखों रुपया का वारा न्यारा करने वाले अवैध वसूली के मास्टरमाइंड कौन हो सकता है उसके बाद नगर पंचायत गुंडरदेही के सीएमओ अश्वनी शर्मा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि इस मामले में मुझे नहीं मालूम इस तरह का जवाब जिम्मेदार अधिकारी गैर जिम्मेदारी से जवाब दे रहे है जो अपने नगर पंचायत जिम्मेदार पद पर बैठकर नगर पंचायत की छवि धूमिल हो रही है।

अभ्युदय स्कूल ने एक बार फिर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

